# **बीएचईएल ने लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट 'तेजस' के हीट एक्सचेंजर्स का ऑर्डर प्राप्त किया**

नई दिल्ली; 14 फरवरी: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से 83 LCA तेजस MK1A विमानों के कॉम्पैक्ट हीट एक्सचेंजर सेटों की आपूर्ति का एक प्रतिष्ठित ऑर्डर मिला है। इससे 'मेक इन इंडिया' अभियान के अंतर्गत रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने और रक्षा उपकरणों के महत्वपूर्ण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के प्रयासों को बल मिला है।

इस आदेश में एचएएल द्वारा विनिर्मित किए जा रहे LCA तेजस विमान में फिट किए जाने वाले कॉम्पैक्ट हीट एक्सचेंजर्स की विनिर्माण, असेंबली (संयोजन), परीक्षण और आपूर्ति की जानी है।

बीएचईएल का हेवी प्लेट्स एंड वेसल्स प्लांट (एचपीवीपी), विशाखापत्तनम संयंत्र सन 1996 से एचएएल को एलसीए तेजस के हीट एक्सचेंजर्स का एकमात्र आपूर्तिकर्ता है। बीएचईएल-एचपीवीपी और एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए), बेंगलूरू ने संयुक्त रूप से एलसीए एमके-1 कार्यक्रम के एनवायरमैंट कंट्रोल सिस्टम (ईसीएस) और सेकेन्डरी पावर सिस्टम (एसपीएस) के लिए 13 विभिन्न प्रकार के कॉम्पैक्ट हीट एक्सचेंजर्स को डिजाइन और विकसित किया है। ।

बीएचईएल वर्तमान में एलसीए एमके-2 की एयरक्राफ्ट पीओडी एप्लिकेशन के लिए एयर साइकिल मशीन आधारित लिक्विड कूलिंग सिस्टम (एलसीएस) के विकास हेतु डीआरडीओ के साथ भी काम कर रहा है।

बीएचईएल के एचपीवीपी संयंत्र में एचएएल द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के विमानों के लिए अत्याधुनिक कॉम्पैक्ट हीट एक्सचेंजर्स विनिर्माण हेतु समर्पित, जटिल विनिर्माण और निरीक्षण सुविधाएं हैं। अंतरराष्ट्रीय एयरो मानकों (एएस9100) के अनुरूप इन्हें उत्तरोत्तर संवर्धित किया जा रहा है। बीएचईएल एलसीए, एएलएच, सुखोई और एएमसीए के भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार है।

बीएचईएल पिछले तीन दशकों से रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में जटिल उपकरणों एवं सेवाओं का एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता रहा है। उल्लेखनीय है कि कंपनी रक्षा उपकरणों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा योगदान देने के उद्देश्य से पहले ही विशेष विनिर्माण सुविधाएं और क्षमताएं स्थापित कर चुकी है। बीएचईएल की ये पहलें भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान को सशक्त करने में सहायक सिद्ध होंगी।

---